दिनांक 03 अगस्त 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

जनभागीदारी से किया जा रहा है वृक्षारोपण

भिलाईनगर/पर्यावरण सुरक्षा एवं संरक्षण के महत्व को बताते हुए निगम क्षेत्र अंतर्गत जनभागीदारी को सम्मिलित करते हुए वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है विभिन्न स्थलों पर पौधे रोपित किए जा चुके हैं तथा उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण की जिम्मेदारी आसपास के रहवासियों को दी जा रही है, ताकि पौधे बड़े होकर वृक्ष के रूप में तब्दील हो सके इसमें लोग भी बड़े उत्साह से जुड़ रहे हैं!

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एसके सुंदरानी कार्यालयीन समय के पूर्व भी सुबह प्रतिदिन साइकिल से गंतव्य की ओर रवाना होते हैं कल दिन शुक्रवार को पर्यावरण का संदेश देने के लिए आयुक्त सुंदरानी सहित निगम के अधिकारी/कर्मचारी भी साइकिल से दफ्तर पहुंचे जहां राष्ट्रगान में सम्मिलित होकर दुर्गुण रहित भिलाई बनाने का संकल्प लिया गया!

आज शास्त्री उद्यान नेहरू नगर में जनभागीदारी से मिलकर वृक्षारोपण किया गया एवं करंज , नीम, गुलमोहर आदि के पौधे रोपित कर पौधों को सुरक्षित एवं संरक्षित करने के लिए लोगों को संकल्प दिलाया गया जिसमें जोन आयुक्त जोन क्रमांक 1 टी पी लहरें, पीसी सार्वा ,धर्मेंद्र मिश्रा, गिरवर साहू, गणपति आदि मौजूद रहे! इसी प्रकार से कुछ दिन पूर्व दाऊबाड़ा तालाब मे भी जनभागीदारी से पर्यावरण मित्र के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया गया था तथा पर्यावरण मित्र को सम्मानित भी किया गया जिसमें वार्ड 7 की पार्षद सोशन लोगन, अमिताभ भट्टाचार्य, मीनू विश्वास, जावेद अली एवं अन्य मौजूद रहे!

जनसम्पर्क अधिकारी

वाटर हार्वेस्टिग अपनाना है

जल जीवन बचाना है!